DSSSB TGT & PGT

Part-B

SCHOLAR BATCH

संस्कृत

प्रत्यय

LIVE 27-05-2024 05:00 PM

प्रत्यय

ऐसे शब्दांश जो शब्द या धातु के पीछे जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन करते हैं।

1. क्त्वा → त्वा — अव्यय, धातु (कृत) सामानाधिकरण
2. ल्यप् → य
3. तुमुन् → तुम्

शब्द से जुड़ने वाले प्रत्यय

बुद्धि + मतुप् = बुद्धिमत्

① सुप् ② तद्धित ③ स्त्री

सुप् + अन्त

⇓

सुबन्त (शब्दरूप)

तद्धित + अंत

तद्धितांत

धातु से जुड़ने वाले प्रत्यय

पठ् + क्तवत् = पठितवान्

पठ् → धातु

④ कृत ⑤ तिङ् (धातु…

कृत् + अंत

⇓

कृदन्त

तिङ् + अ…

तिङन्त

प्रमुख प्रत्यय - क्त, क्तवतु, शतृ, शानच्, तुमुन्, क्त्वा, ल्यप्, ल्युट् तव्यत्, अनीयर्, तव्यत् तव्य.

प्रत्यय

किसी भी धातु या शब्द के पश्चात् जुड़ने वाले शब्दांशों को प्रत्यय कहा जाता है।

- धातुओं में जुड़ने वाले प्रत्ययों को कृत् प्रत्यय कहते हैं । ये प्रत्यय तिङ् प्रत्ययों से भिन्न होते हैं।

- संज्ञा शब्दों में जुड़ने वाले प्रत्ययों को तद्धित प्रत्यय कहते हैं।

- पुँल्लिङ्ग से स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए शब्दों में प्रयुक्त होने वाले प्रत्ययों को स्त्री प्रत्यय कहते हैं।

1. कृत् प्रत्यय

जिन प्रत्ययों को धातुओं में जोड़कर संज्ञा, विशेषण या अव्यय आदि पद बनाए जाते हैं उन्हें कृत् प्रत्यय कहते हैं।

i) अव्यय बनाने के लिए धातुओं में 'क्त्वा', 'ल्यप्', 'तुमुन्' प्रत्ययों का योग किया जाता है।

ii) धातु से विशेषण बनाने के लिए 'शतृ', 'शानच्', 'तव्यत्', 'अनीयर्', 'यत्' आदि प्रत्ययों का योग किया जाता है।

iii) भूतकालिक क्रिया के प्रयोग के लिए 'क्त', 'क्तवत्' एवं 'करना चाहिए'— इस अर्थ के लिए क्रिया के वाचक 'तव्यत्', 'अनीयर्' और 'यत्' प्रत्ययों का प्रयोग करते हैं।

iv) धातु से संज्ञा बनाने हेतु 'तृच्', 'क्तिन्', 'ण्वुल्', 'ल्युट्' आदि प्रत्ययों का योग किया जाता है।

कतिपय प्रमुख कृत् प्रत्ययों का परिचय यहाँ दिया जा रहा है—

पठति अपठत् पठिष्यति पठेत्

क्रिया का मूल = पठ

क्त्वा प्रत्यय

पठ् + क्त्वा = पठित्वा (पढ़कर)

वाक्य में मुख्य क्रिया से पूर्व किए गए कार्य में पूर्वकालिक क्रिया को व्यक्त करने के लिए धातु में क्त्वा प्रत्यय का योग किया जाता है।

दृश् + क्त्वा = दृष्ट्वा (देखकर)

यथा— मयूरः मेघं दृष्ट्वा नृत्यति । यहाँ दृष्ट्वा में 'दृश्' धातु से 'क्त्वा' प्रत्यय का योग किया गया है। यह क्रिया नर्तन क्रिया की पूर्वकालिक क्रिया है।

उदाहरण-

कृ + क्त्वा = कृत्वा = करके, कार्यं कृत्वा गृहं गच्छ।

गम् + क्त्वा = गत्वा = जाकर, आपणं गत्वा फलम् आनय।

नम् + क्त्वा = नत्वा = नमन करके, सरस्वतीं देवीं नत्वा पाठं पठ।

पा + क्त्वा = पीत्वा = पीकर, दुग्धं पीत्वा शयनं कुरु।

श्रु + क्त्वा = श्रुत्वा = सुनकर, वार्तां श्रुत्वा आगतोऽस्मि।

दृश् + क्त्वा = दृष्ट्वा = देखकर, बहिः दृष्ट्वा आगच्छामि।

हन् + क्त्वा = हत्वा = मारकर, रामः रावणं हत्वा सीतां प्राप्नोत् ।

मारना।

लभ् + क्त्वा = लब्ध्वा।

प्रच्छ् + क्त्वा = पृष्ट्वा = पूछकर, गुरुं पृष्ट्वा आगच्छामि।

पूछना।

त्यज् + क्त्वा = त्यक्त्वा = त्यागकर, सीतां वने त्यक्त्वा लक्ष्मणः आगतः।

त्यागना

त्वा

स्पृश् + क्त्वा = स्पृष्ट्वा = छूकर, मम मित्रम् मां स्पृष्ट्वा गतः ।

स्पर्श करना।

जानने

विशेष

ज्ञा + क्त्वा = ज्ञात्वा = जानकर, परीक्षाफलं ज्ञात्वा सः अति प्रसन्नः अस्ति।

पठ् + क्त्वा = पठित्वा = पढ़कर, अहं पुस्तकं पठित्वा ज्ञानं प्राप्स्यामि ।

पत् + क्त्वा = पतित्वा = गिरकर, अश्वः पतित्वा उत्थितः ।

पूज् + क्त्वा = पूजयित्वा = पूजकर, देवीं पूजयित्वा मेलापकं गमिष्यामि।

'क्त्वा' प्रत्ययान्त शब्दों का भी अव्यय के रूप में प्रयोग होता है, क्योंकि ये अव्यय होते हैं। इनके रूप में परिवर्तन नहीं होता है।

ल्यप् प्रत्यय

पूर्वकालिक क्रिया के अर्थ में 'ल्यप्' प्रत्यय का भी प्रयोग होता है। जहाँ पर धातु से पूर्व कोई उपसर्ग लगा होता है, वहाँ 'क्त्वा' के स्थान पर 'ल्यप्' प्रत्यय का

- जब दो क्रिया पदों का कर्ता एक होता है तथा एक क्रिया दूसरी क्रिया का प्रयोजन या निमित्त होती है तो निमित्तार्थक क्रिया पद में तुमुन् प्रत्यय होता है।

ल्यप् प्रत्यय = (य शेष)

उपसर्ग + धातु + ल्यप्

ज्ञा + क्त्वा = ज्ञात्वा (जानकर)

वि + ज्ञा + ल्यप् = विज्ञाय (जानकर)

आ + दा + ल्यप् = आदाय

प्र + दृश् + ल्यप् = प्रदर्श्य

यथा— सुरेशः पठितुं विद्यालयं गच्छति । वाक्य में 'पढ़ना' और 'जाना' दो क्रिया पद हैं, जिनमें पढ़ना क्रिया प्रयोजन है जिसके लिए सुरेश विद्यालय जाता है। अतः पठितुं में तुमुन् प्रत्यय है।

- समय, वेला आदि कालवाची शब्दों के योग में भी धातुओं से तुमुन् प्रत्यय होता है।

यथा-

स्नातुं वेलाऽस्ति ।

पठितुं समयोऽस्ति ।

- तुमुन् प्रत्ययान्त शब्द भी अव्यय होते हैं। इनका रूप भी नहीं बदलता है।

उदाहरण—

गम् + तुमुन् = गन्तुम् = जाने के लिए, सः गृहं गन्तुम् उद्यतः अस्ति ।

हन् + तुमुन् = हन्तुम् = मारने के लिए, मृगं हन्तुं सिंहः समुद्यतः अस्ति ।

पा + तुमुन् = पातुम् = पीने के लिए, जलं पातुं सः नदीं गतवान्।

DSSSB TGT & PGT संस्कृत SCHOLAR BATCH

स्ना + तुमुन् = स्नातुम् = स्नान के लिए, सः स्नातुं तरणतालमगच्छत्।

दा + तुमुन् = दातुम् = देने के लिए, उत्तमः जनः ज्ञानं दातुम् इच्छुकः भवति ।

प्रच्छ् + तुमुन् = प्रष्टुम् = पूछने के लिए, छात्रः प्रश्नं प्रष्टुं समुत्सुकः भवति

दृश् + तुमुन् = द्रष्टुम् = देखने के लिए, चित्रं द्रष्टुं बालकः आगच्छत्।

हस् + तुमुन् = हसितुम् = हँसने के लिए, अहं हसितुम् इच्छामि ।

खाद् + तुमुन् = खादितुम् = खाने के लिए, बालकः आम्रं खादितुम् इच्छति।

क्रीड् + तुमुन् = क्रीडितुम् = खेलने के लिए, शिशुः कन्दुकेन क्रीडितुम् इच्छति।

भाष् + तुमुन् = भाषितुम् = भाषण के लिए, सः भाषितुम् उत्थितः ।

जीव् + तुमुन् = जीवितुम् = जीने के लिए, सर्वे जीवितुम् अभिलषन्ति ।

कथ् + तुमुन् = कथयितुम् = कहने के लिए, कथां कथयितुं सः आगच्छति

• **शक् (सकना), इष् (चाहना)** इत्यादि धातुओं के साथ भी पूर्व क्रिया में तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग होता है, जैसे- मैं पढ़ सकती हूँ/ सकता हूँ या मैं पढ़ना चाहती हूँ/ चाहता हूँ, इन वाक्यों में (पढ़ना और सकना) (पढ़ना और चाहना) ये दो-दो क्रियाएँ हैं, अतः पढ़ना क्रिया में तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग होता है,

यथा—

अहं पठितुं शक्नोमि ।

अहं पठितुम् इच्छामि।

बालकः तर्तुं शक्नोति।

सा गातुं शक्नोति।

त्वं किं कर्तुं शक्नोषि ।

ते चलितुं न शक्नुवन्ति ।

वयं धावितुं न शक्नुमः।

- तुमुन् का प्रयोग करते हुए इच्छुक अर्थ वाले संज्ञा पद भी बनाए जा सकते हैं, यथा— गन्तुकामः, पठितुकामः, बद्धुकामः, चलितुकामः, लेखितुकामा, हसितुकामा, वक्तुकामा इत्यादि ।

प्र. 1. प्रत्ययं संयुज्य वियुज्य वा लिखत-

i) दृश् + क्त्वा = ...

ii) प्रणम्य = ...

iii) उपविश्य = ...

iv) सोढुम् = ...

v) सह् + क्त्वा = ...

vi) आ + नी + ल्यप् = ...

प्र. 2. अधोलिखितवाक्येषु कोष्ठके प्रदत्तधातुषु क्त्वा / ल्यप् / तुमुन् प्रत्यययोगेन निष्पन्नपदैः रिक्तस्थानानि पूरयत-

यथा— सः पुस्तकम् <u>आदाय</u> (आ + दा + ल्यप्) गच्छति।

सः पुस्तकं <u>दत्त्वा</u> (दा + क्त्वा) क्रीडति ।

i) रामः कन्दुकम् .... (आ + नी + ल्यप्) क्रीडति ।

ii) श्यामः कन्दुकम् .... (नी + क्त्वा) गच्छति।

iii) रामः कन्दुकम् .... (ग्रह् + तुमुन्) श्यामम् अनुधावति ।

iv) श्यामः .... (वि + हस् + ल्यप्) कन्दुकम् ददाति ।

v) रामः कन्दुकम् .... (प्र + आप् + ल्यप्) पुनः प्रसन्नः भवति ।

प्र. 3. उदाहरणमनुसृत्य स्थूलपदेषु धातून् प्रत्ययान् च वियुज्य लिखत—

यथा— बालकः गुरुं नत्वा गच्छति। नम् + क्त्वा

i) सः अत्र आगत्य पठति । ....

ii) त्वं कुत्र गत्वा क्रीडसि । ....

iii) बालकः विहस्य वदति । ....

iv) त्वं पुस्तकं क्रेतुम् गच्छसि । ....

v) छात्रः पठितुं विद्यालयं गच्छति । ....

vi) नायकः निर्देशकं द्रष्टुं गच्छति। ....

प्र. 4. क्त्वाप्रत्ययस्य प्रयोगेण वाक्यानि संयोजयत—

यथा— बालिका उद्यानं गच्छति । तत्र क्रीडिष्यति ।

बालिका उद्यानं गत्वा तत्र क्रीडिष्यति ।

i) अहं विद्यालयं गच्छामि। अहं पठिष्यामि ।

ii) सीता पुस्तकं पठति । सा ज्ञानं प्राप्स्यति ।

ii) सः आपणं गच्छति। सः पुस्तकं क्रेष्यति ।

iii) रमेशः पुस्तकालयमगच्छत्। सः समाचारपत्रं पठति।

v) देवदत्तः पाकशालामगच्छत्। सः भोजनं करोति ।